मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त जिलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक मृदुल पत्रिका

राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉर्पोरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष 15 मूल्य 2.00 रुपए अंक 262 | जयपुर, शुक्रवार, 03 मई, 2024 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का शुभारंभ, प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने व्याख्यान दिया

मुख्य वैज्ञानिक डॉ सदिस्तप ने शपथ दिलाई

पिलानी (बाबूलाल घोघलिया/मृदुल पत्रिका)। पिलानी स्थित राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का विधिवत शुभारंभ किया गया। संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वित्त एवं लेखा नियंत्रक जयप्रकाश इंदौरा, प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक सहित अन्य वैज्ञानिक एवं सहकर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के सभागार में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक डॉ शशिकांत सदिस्तप ने सभी सहकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अपने संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के इस महत्वाकांक्षी अभियान में सभी का सहयोग एवं योगदान अपेक्षित है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर संस्थान के प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने 'कार्यालयों में स्वच्छता की आवश्यकता एवं महत्व' विषय पर उपयोगी एवं सारगर्भित व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बताया कि वे स्वच्छता के प्रति बहुत आग्रही थे। उन्होंने देश में स्वच्छता अभियान के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी शुरुआत वर्ष 2014 में गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। अपने व्याख्यान में उन्होंने संस्थान में स्वच्छता के लिए किए गए कार्यों के साथ-साथ भावी योजनाओं से भी अवगत कराया। व्याख्यान के उपरांत डॉ सदिस्तप एवं अन्य अधिकारियों ने जयशंकर शरण को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ पंकज भूषण अग्रवाल, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने पखवाड़ा के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने किया। मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों में अलग-अलग अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सीएसआईआर सहित केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सभी कार्यालय एवं विभाग 1 से 15 मई की अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में संस्थान में भी स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।